18/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने आज विशाखापट्टनम के तट पर आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भारत की बढ़ती समुद्री क्षमता और वैश्विक नौसैनिक सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर युद्धपोत की कमान संभाल रहें अरुणाचल प्रदेश के पहले अधिकारी, कमांडर रॉनी चौपु ने भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व करते हुए आईएनएस खंजर का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के पैतालीस जहाज, उन्नीस विदेशी युद्धपोत तथा तटरक्षक बल, मर्चेंट नेवी और अनुसंधान संगठनों के अन्य पोत शामिल थे।

0000000000000000000000000

बौद्ध समुदाय का नववर्ष अधारित पर्व लोसार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व 'इयर ऑफ़ फायर हॉर्स' के आगमन का प्रतीक है। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक तथा मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने इस अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कामना की कि 'इयर ऑफ़ फायर हॉर्स' सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और आध्यात्मिक उन्नति लेकर आए।

उन्होंने कहा कि जब सभी एकत्र होकर पारंपरिक अनुष्ठानों का पालन कर प्रार्थनाएँ अर्पित करते हुए खुशियाँ साझा करते हैं, तब यह समय समाज में सौहार्द, करुणा और धैर्य जैसे मूल्यों पर चिंतन करने का भी अवसर प्रदान करते है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि यह पर्व राज्य में शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे को और सुदृढ़ करेगा।

0000000000000000000000000

भारतीय वायुसेना ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट की माध्यम से साझा किया है कि, वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने अरुणाचल प्रदेश के आंजाव जिले के वालोंग क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए एक लाख उन्तालीस हजार आठ सौ लीटर पानी से आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, नागालैंड के जुकोऊ वैली क्षेत्र में भी अग्निशमन अभियान लगातार जारी है। वायुसेना के MI-17 V5 हेलीकॉप्टर दीमापुर स्थित पादुमपोखिरी लेक से पानी भरकर जाफ़ू पीक के आसपास लगी आग को बुझाने में जुटे हुए हैं। दुर्गम पहाड़ी ढलानों, कम दृश्यता और विरल वायु जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

0000000000000000000000000

इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत चौबीस घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

इसके अंतर्गत पच्चीस लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वह दिशा है जिसमें देश को जिम्मेदार AI की सोच को आगे बढ़ाना चाहिए।

0000000000000000000000000

दोईमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा CEAM केरल, NETRA फाउंडेशन और अन्य संस्थानों के सहयोग से, लिविंग वर्ल्ड–एजुकेशन ऑफ पास्ट, प्रेज़ेंट एंड फ्यूचर' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के बाहर से अट्ठारह विशेषज्ञ वक्ताओं ने भाग लिया और कुल एक सौ चौहत्तर शोध प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। इसमें चार पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनके विषय थे– "ऐतिहासिक आधार और सांस्कृतिक विरासत", "शिक्षक शिक्षा और व्यावसायिक विकास" , "समकालीन चुनौतियां और नवाचार" तथा "भविष्य की दिशा और सतत विकास"।

0000000000000000000000000

एक सराहनीय मानवीय पहल के तहत, अपर सुबनसिरी जिले के दपोरिजो में जिला प्रशासन द्वारा ईटानगर स्थित दीपक नाबाम लिविंग होम के सहयोग से सारता गांव के निवासी तायु मोसु नामक एक असहाय व्यक्ति को सहायता प्रदान की।

वह पिछले कई महीनों से मानसिक अस्वस्थता और चोटों के कारण दापोरिजो शहर के एक खुले स्थान पर असहाय अवस्था में पड़ा हुआ था। परिवार के सदस्यों की पूर्व अनुमति और समन्वय से उसे वहां से सुरक्षित निकाला गया। श्री मोसु को उचित देखभाल, चिकित्सा उपचार और आश्रय के लिए ईटानगर के शेल्टर होम में स्थानांतरित कर दिया गया है। अपर सुबनसिरी उपायुक्त तासो गाम्बो ने इस मानवीय मिशन के लिए दीपक नाबाम लिविंग होम सोसाइटी की सराहना की और स्वयं भी इस बचाव प्रक्रिया के दौरान मौजूद रहे।

0000000000000000000000000

लेपाराडा ज़िले के बासार स्थित मार्तो कामदाक बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन में, ज़िले के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री सॉफ्ट लोन योजना पर एक दिवसीय जागरूकता सह-सक्रियता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 29 बासार विधायक न्याबी जिनी दिरची ने युवाओं को आत्मनिर्भरता और रोजगारपरक कौशल अर्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कौशल विकास एवं उद्‌यमिता विभाग DSDI की पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों ही युवाओं को अप्रेंटिसशिप और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए स्टाइपेंड और वित्तीय सहायता प्रदान कर रही हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग ज़िला प्रशासन द्‌वारा नामसिंग में सरकार आपके दरवाजे 2.0 का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग सत्ताइस सरकारी विभागों की सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर से पांच सौ से ज़्यादा लाभर्थियों को लाभ सुनिश्चित हुए। शिविर के अंतरगत स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, अरुणाचल प्रदेश रूरल बैंक और अरुणाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक ने फाइनेंशियल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया, ताकि गांव वालों को बैंकिंग सर्विस और अलग-अलग सोशल सिक्योरिटी स्कीम के बारे में जानकारी दी जा सके। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी ने लीगल अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया।

0000000000000000000000